पंचदश बिहार विधान सभा

चतुर्दश सत्र

दैनिक विवरणिका

संख्या 09 बुधवार, दिनांक- 09 जुलाई, 2014 ई० ।

माननीय अध्यक्ष श्री उदय नारायण चौधरी की अध्यक्षता में सभा की बैठक प्रारंभ हुई ।

समय : 11.00 बजे पूर्वाह्न से 11.05 बजे पूर्वा० तक

माननीय अध्यक्ष महोदय के आसन ग्रहण करते ही पक्ष एवं विपक्ष के माननीय सदस्यगण अपनी-अपनी मांगों को लेकर शोरगुल करते हुए वेल में आ गए ।

आसन से बार-बार उनसे अनुरोध किया गया कि वे शांत रहें और जो भी कहना है वे अपनी सीट पर जाकर कहें ।

आसन से यह भी घोषणा की गई कि आज 12.15 बजे अप० में उनके कार्यालय कक्ष में दलीय नेताओं की एक बैठक होगी ।

उपर्युक्त घोषणा के बाद पुनः माननीय अध्यक्ष महोदय द्वारा माननीय सदस्यों से अनुरोध किया गया कि वे शांत रहें और अपनी सीट पर जाएं । परन्तु सदन में शांति कायम नहीं हो सकी और सभा की कार्यवाही 02.00 बजे अप० तक के लिए स्थगित हुई ।

भोजनावकाश के बाद

समय :- 02.00 बजे अप० से 02.05 बजे अप० तक ।

|1| **वित्तीय कार्य :- वित्तीय वर्ष 2014-2015 के आय-व्ययक में सम्मिलित अनुदान की मांगों पर वाद-विवाद एवं मतदान :-**

माननीय प्रभारी मंत्री श्री श्याम रजक द्वारा खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग से संबंधित अनुदान की मांग का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया ।

इस पर कटौती का प्रस्ताव प्रस्तुत नहीं किया गया ।

''इस दौरान विपक्ष के माननीय सदस्यगण अपनी-अपनी मांगों को लेकर शोरगुल करते हुए वेल में आ गए । आसन से बार-बार अनुरोध के बाद भी सदन में शांति कायम नहीं हो सकी और सदन की कार्यवाही 04.45 बजे अप० तक के लिए स्थगित हुई ।''

स्थगनोपरान्त

समय- 04.45 बजे अप० से 05.00 बजे अप० तक ।

माननीय प्रभारी मंत्री खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग श्री श्याम रजक द्वारा सरकार की ओर से अनुदान की मांग के संबंध में संक्षेप में पक्ष रखा गया तथा उनके लिखित भाषण को पढ़ा हुआ मान लिया गया जो कार्यवाही का अंग बना ।

सदन द्वारा खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग से संबंधित अनुदान की मांग का प्रस्ताव स्वीकृत हुआ ।

[2] निवेदन :-

आसन से घोषणा की गई कि आज के लिए स्वीकृत कुल 17 निवेदनों को सदन की सहमति से संबंधित विभागों को भेज दिए जाएगें ।

तत्पश्चात् सभा की बैठक वृहस्पतिवार, दिनांक 10 जुलाई, 2014 के 11.00 बजे पूर्वाह्न तक के लिए स्थगित हुई ।

पटना

दिनांक-09.07.2014

हरेराम मुखिया

प्रभारी सचिव,

बिहार विधान सभा, पटना ।